Y–42–Z

Roll No. .....

Total No. of Questions : 14]

[Total No. of Printed Pages : 8

# XIARJKUT23

# 9242–Z

# HINDI

Time : 3.00 Hours]

[Maximum Marks : 100

नोट— सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

JK study Materials

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कुछ लोग सोचते हैं कि पर्यावरण के दूषित होने के कुप्रभाव केवल मानव जीवन पर पड़ते हैं, लेकिन वास्तविकता तो यह है कि प्रदूषण से समस्त पारिस्थितिक तंत्र भी प्रभावित होता है। प्रदूषण से प्रकृति के सुन्दर दृश्य विकृत और छिन्न-भिन्न हो जाते हैं। प्रकृति की खाद्य शृंखला, नाइट्रोजन चक्र तथा कार्बन-डाइऑक्साइड चक्र और ऑक्सीजन चक्रों के सामान्य प्रक्रमों में बाधा पड़ती है। सुन्दर भवनों की भव्यता समाप्त होने लगती है और पेड़-पौधों तथा जीव-जन्तुओं पर घातक प्रभाव पड़ते हैं। यह देखा गया है कि यदि कोई प्रदूषक वातावरण के एक भाग पर प्रभाव पड़ता है, तो दूसरे भाग पर भी उसके हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं।



SHOT ON REDMI 7
AI DUAL CAMERA



Scanned by TapScanner

**प्रश्न :**

(क) क्या प्रदूषण का प्रभाव केवल मनुष्यों पर पड़ता है ?

(ख) प्रदूषण का प्रभाव किन-किन चक्रों पर पड़ता है ?

(ग) भवनों और पेड़-पौधों पर प्रदूषण का क्या प्रभाव पड़ता है ?

(घ) प्रदूषण का सामान्य वातावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2×5=10

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

पल्लव-पल्लव में नवल रुधिर,
पन्नों में मांसल रंग खिला,
आया नीली-पीली लौ से
पुष्पों के चित्रित दीप जला।
अधरों की लाली में चुपके
कोमल गुलाब के गाल लजा,
आया पंखुड़ियों को काले–
पीले धब्बों को सहज सजा।

Jk study Materials

Scanned by TapScanner

प्रश्न :

(क) पंक्तियों का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) कवि प्रकृति में किसके आने की बात कर रहा है ?

(ग) गुलाब की लाली किसको लजा रही है ?

(घ) पंखुड़ियों पर परिवर्तन का क्या प्रभाव है ?

(ङ) 'अधरों' शब्द का अर्थ लिखिए।

(च) पद्यांश में किसका चित्र अंकित है ? 1×6=6

**खण्ड-ख**

3. अपने मित्र को अपने विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव के विषय में पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के तत्सम् शब्द लिखिए :

नींद, घट, मुर्गा, वंश 2

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के तद्भव शब्द लिखिए :

अक्षि, कूप, उच्च, ग्राम 2

Jk Study Materials

Scanned by TapScanner

5. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

कपड़ा, जहाज, युद्ध, पति

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

अस्त, अनुकूल

(ग) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए :

कर, नाग

6. (क) लोकोक्ति की परिभाषा लिखिए।

(ख) निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

गागर में सागर भरना।

Jk study Materials

खण्ड-ग

7. आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

अथवा

रामभक्ति की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

8. कृष्णभक्ति धारा के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

अथवा

रीतिकाल की पाँच विशेषताएँ लिखिए।

SHOT ON REDMI 7
AI DUAL CAMERA

Scanned by TapScanner

## खण्ड-घ

9. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

यशोदा हरि पालने झुलावै।

हलरावै दुलराइ मल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै॥

मेरे लाल को आउ निंदरिया, काहे न आनि सुवावै।

तु काहे न वेगींही आवै, तोको कान्ह बुलावै॥

अथवा

पटु पाँखै भखु काँकरै सदा परेई संग

सुखी परेवा पुहुमि में, एकै तुँही विहंग॥ 5

10. किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय लिखिए :

(अ) कबीर

(ब) मीरा 7

11. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कोई योगी भी समाधि में इतना एकाग्र न होता। दोपहर को जब भूख मालूम होती तो दोनों मित्र किसी नानवाई की दुकान पर जाकर खाना खा आते और एक चिल्लम हुक्का पीकर फिर संग्राम क्षेत्र में डट जाते। कभी-कभी उन्हें भोजन का ख्याल भी नहीं रहता था।

JK study Materials

Scanned by TapScanner

अथवा

"क्यों जी, अभी घराती-बराती किसी के मुँह में अन्न नहीं गया तुम भोग लगाने लगीं। तुम्हीं बड़की पंडिताइन हो क्या ?" एक कसैला सा स्वर कानों में पड़ा था चन्तारा के और दूसरी पूड़ी का कौर तोड़ते-तोड़ते वह सहम कर रुक गई थी। फुग्गी ने भी मुँह चलाना रोक दिया।

12. एक टोकरी भर मिट्टी कहानी के आधार पर विधवा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

अथवा

'कितिज' के माध्यम से शकुन्त दीपमाला क्या संदेश देना चाहती है ? स्पष्ट कीजिए। 7

13. (अ) निम्नलिखित लघु प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीर ने किन बुराइयों का विरोध किया ?

(ख) तुलसीदास की किन्हीं **तीन** रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) सूरदास की काव्यधारा पर विचार कीजिए।

(घ) बिहारी को बहुज्ञ क्यों कहा जाता है ?

(ङ) मीरा की काव्यधारा पर विचार कीजिए।

(च) सूफी काव्य से क्या अभिप्राय है ? 3×3=9

JK Study Materials

Scanned by TapScanner

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) विधवा ने टोकरी भर मिट्टी माँगने का क्या कारण बताया ?

(ख) मीर साहब के घर से शतरंज की बाजी कैसे उठी ?

(ग) गजाधर बाबू ने दोबारा नौकरी करने का फैसला क्यों किया ?

(घ) चन्तारा का बेटा क्या करता है ?

(ङ) कथावाचक किन लोगों के कश्मीर से चले जाने पर दु:खी है ?

(च) मातादीन ने चाँद पर हत्या का मामला कैसे सुलझाया ? 3×3=9

14. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

(क) भक्तिकाल की समय-सीमा लिखिए। 1375 - 1700

(ख) सिद्धों ने किस शैली में रचना की ?

(ग) रीतिकाल का प्रवर्तक किसे माना जाता है ? केशव दास

(घ) सूफी काव्य के **दो** कवियों के नाम लिखिए। - जायसी मुल्ला दा।

(ङ) कबीर का जन्म कब हुआ था ? -

(च) सूरदास किस काल के कवि थे ?

(छ) एक टोकरी भर मिट्टी की नायिका कौन है ?



JKstudy Materials

Scanned by TapScanner

(ज) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(झ) पीरवख्श के परिवार में कितने लोग थे ?

(ञ) गणेशी गजाधर बाबू का क्या लगता था ?

(ट) पीरबख्श कहाँ काम करता था ?

(ठ) 'किजित' कहानी में 'कितिज' शीर्षक का क्या अर्थ है ? 1×12=12

JK study Materials



Scanned by TapScanner